# नपाध्यक्ष ने किया विसर्जन कुंड का लोकार्पण

## 90 लाख की लागत से बनाया गया है भव्य एवं आकर्षक कुंड

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग 90 लाख रुपये की लागत से निर्मित भव्य एवं आकर्षक विसर्जन कुंड का रविवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। लोकार्पण अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने कहा कि पूर्व में यहां एक छोटा कुंड था, जिसमें शहर में निकलने वाली धार्मिक झांकियों एवं प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता था। लंबे समय से शहरवासियों एवं सनातन धर्मावलंबियों द्वारा एक व्यवस्थित, सुंदर एवं विशाल विसर्जन कुंड की मांग की जा रही थी। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका परिषद ने सुनियोजित रूप से इस आधुनिक और आकर्षक विसर्जन कुंड का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि यह स्थल अब शहर के आकर्षण का केंद्र बन चुका है और आने वाले समय में यहां और भी विकास



कार्य किए जाएंगे। अध्यक्ष मानोरिया ने बताया कि यह तालाब वर्षों से शहर के गंदे पानी की समस्या से प्रभावित था, जबकि इसी जल में धार्मिक अवसरों पर भगवान का जल विहार भी कराया जाता रहा है। नगरपालिका ने प्राथमिकता के आधार पर तालाब में मिलने वाले गंदे पानी की निकासी को अलग कराया, जिससे अब तालाब में स्वच्छ एवं शुद्ध जल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका परिषद की प्राथमिकता है कि शहर के सभी सनातनी पर्व एवं धार्मिक आयोजन शुद्ध, स्वच्छ और गरिमामय वातावरण में संपन्न हों। इसी उद्देश्य के साथ इस क्षेत्र का निरंतर विकास किया जा रहा है। आने वाले समय में यह स्थान शहर का सबसे सुंदर, स्वच्छ और धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगर पालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान, पार्षद महेंद्र भारद्वाज, राशिद खान चिन्ना, धर्मेंद्र रघुवंशी सावन, राजेंद्र कुशवाहा, मनीष धुरेंटे, मोनू रघुवंशी, गीता आर्य, सतपाल लोधी विपिन शिवहरे, गोपाल ओझा, राजकुमार यादव, पुजारी संघ के अध्यक्ष उपेंद्र पाराशर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तौल के लिए बढ़ाए जाएं कांटे : केपी

**खरीदी केंद्रों पर पहुंचे निगम के अध्यक्ष**

**निरीक्षण कर दिए अधिकारियों को निर्देश**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ. केपी यादव ने रविवार को अशोकनगर एवं ईसागढ़ के विभिन्न उपार्जन केंद्रों और वेयरहाउस का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प स्पष्ट है,मेरे अन्नदाता का एक-एक दाना पूरी पारदर्शिता, नियम और सम्मान के साथ तौला जाए तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तुलाई केंद्रों पर कांटों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। साथ ही तौल प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कांटों का समय-समय पर प्रमाणीकरण किया जाए। उपार्जित अनाज की समय पर ढुलाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए ताकि किसानों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। वहीं जहां कहीं भी छोटी-मोटी अनियमितताएं दिखाई दीं, उन्हें तत्काल सुधारने एवं दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। किसान सुरक्षित और सम्मानित रहेगा तभी प्रदेश समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी, फूड अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी एवं उपार्जन कार्य से संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**अशोकनगर।** देहात थाना अंतर्गत त्रिदेव मंदिर के पास एक महिला बाईक से गिरकर घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह हादसा उस समय हुआ जब बाईक के सामने श्वान आ गया, जिसे बचाने के दौरान चालक ने ब्रेक लगाए तो महिला गिर गई। जानकारी के अनुसार भागबाई पत्नि लालाराम बंजारा उम्र 50 वर्ष निवासी फतेहपुर अपने गांव की एक महिला की डिलेवरी के पश्चात उससे मिलने के लिए आ रहीं थी, इसी रास्ते में यह हादसा हो गया। वहीं हादसे की जानकारी जैसे से ही महिला के परिजनों को लगी तो वह अस्पताल पहुंचे और जानकारी लगाने के बाद थाने में आरोप लगाते हुए पहुंचे, इसके बाद वह अस्पताल आए। इस मामले में पुलिस ने मर्गकायम करते हुए जांच में लिया है। तो वहीं मृतिका के शव पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### गैरेज के बाहर खड़े वाहनों से पार्ट्स चोरी संचालकों ने की शिकायत

**अशोकनगर।** शहर के गुना रोड स्थित कार रिपेयरिंग दुकानों और गैरेज के बाहर खड़े वाहनों से पार्ट्स चोरी का मामला सामने आया है। तो वहीं पार्टस चोरी की घटना वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरो में कैद हो गई। जिसकी शिकायत दुकान संचालकों द्वारा पुलिस से की गई। वहीं शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। गुना रोड अहिंसा पैलेस के सामने कार वर्कशॉप संचालित करने वाले हैदर अली ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे जब वह दुकान पहुंचे तो दो गाड़ियों से वायरिंग, एसी कम्प्रेसर, पावर स्टीयरिंग पंप और अन्य सामान गायब मिला। चोरी हुए सामान की कीमत करीब एक लाख रुपए बताई जा रही है। दुकान मालिक के सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर चोरी की घटना का पता चला। वहीं दुबे हॉस्पिटल चौराहा पर ऑटो पार्ट्स संचालन करने वाले पीयूष रघुवंशी ने बताया कि उनकी दुकान के बाहर एक कार खड़ी थी। रात के समय बदमाशों ने कार का शीशा फोड़कर वायरिंग, सेल्फ, अल्टीनेटर, एसी कम्प्रेसर, रेडिएटर, फैन, एसी कंडेंसर और कैमशाफ्ट सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान की कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई है। इसके अलावा रामचरण ओझा ने बताया कि द्वारका प्रसाद कॉलेज के पास गोरा रोड स्थित गोदाम से भी गाड़ी के पार्ट्स और अन्य सामान चोरी हुआ है।



### पचबावड़ी में पंच कुंडीय महायज्ञ संपन्न

**अशोकनगर।** अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में श्री राम प्रज्ञा मंडल गायत्री परिवार के तत्वाधान में ग्राम पचबावड़ी में रविवार को पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ टोली प्रमुख शंभुदयाल साहू के कुशल निर्देशन में कविता साहू एवं मंजू दांगी द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। महायज्ञ के दौरान गायत्री परिवार के परिजनों और ग्रामीणों ने मंत्रोच्चार के साथ विश्व शांति और लोक कल्याण के लिए आहुतियां समर्पित कीं। महायज्ञ के साथ-साथ गांव में वैचारिक शुद्धिकरण हेतु दीवार लेखन का विशेष कार्य किया गया। गायत्री परिवार के परिजनों ने गांव की प्रमुख दीवारों पर पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रेरणादायी सद्वाक्यों को लिखा। इन सद्वाक्यों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा, व्यसन मुक्ति और स्वस्थ जीवन पद्धति के प्रति जागरूक किया गया।

# प्रेमजाल में फंसाकर युवती से करोड़ों की ठगी

## पैसे ऐंठने के लिए बने फर्जी पुलिस अधिकारी, चला तांत्रिक क्रियाओं का खेल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना अंतर्गत एक युवती से ब्लैकमेल कर करोड़ो रूपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की पड़ताल की और संगठित गिरोह को पर्दाफाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन चार लोगों में महिला तांत्रिक, एक टैटू आर्टिस्ट सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उनसे ठ गी की रकम से खरीदे गए सोने-चांदी के आभूषण, थार रॉक्स वाहन, स्कूटी एवं नकदी रूपये बरामद किये गये। दरअसल यह सभी आरोपी युवती के अश्लील फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देते थे, तो वहीं क्राइम ब्रांच अधिकारी और तांत्रिक विद्याओ के लिए युवती से पैसो की डिमांड करते थे। एसपी श्री मिश्रा के निर्देशन में बताया कि आरोपियों द्वारा एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसके आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो तैयार किए गए तथा बाद में उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने, झूठे आपराधिक मामलों में फंसाने एवं फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर लगातार धमकियां देकर लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये की ठगी की गई। प्रकरण में मुख्य आरोपी आदित्य सिंह तोमर, आयुषी चौहान, आकाश चौहान एवं आर्यन सोनी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं प्रकरण में अन्य संलिप्त व्यक्तियों एवं आर्थिक लेनदेन के संबंध में विस्तृत विवेचना जारी है। वहीं उन्होंने बताया पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन देकर बताया गया कि पकड़े गए सभी आरोपियों द्वारा उसे कई वर्षों से लगातार ब्लैकमेल कर आर्थिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।



**टैटू स्टूडियो पर बनाए गए वीडियो**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि लगभग पांच वर्ष पूर्व जब वह कक्षा 12वीं में अध्ययनरत थी, उसी दौरान उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से आदित्य सिंह तोमर से हुई। जिसके चलते आरोपी ने मित्रता बढ़ाकर उससे प्रेम संबंध स्थापित किए तथा विवाह एवं सुनहरे भविष्य का झांसा देकर उसे अपने प्रभाव में ले लिया। वहीं धीरे-धीरे आरोपी उसे अपने साथी आर्यन सोनी के स्टूडियो पर मिलने बुलाने लगा। आर्यन सोनी वर्तमान में इन्द्रा पार्क अशोकनगर क्षेत्र में आर्यन टेंटू स्टूडियो नाम से फोटो स्टूडियो संचालित करता है। इसी दौरान आरोपी आदित्य सिंह तोमर एवं उसके साथी आर्यन सोनी ने पीड़िता की जानकारी एवं सहमति के बिना चोरी-छिपे उसके आपत्तिजनक वीडियो एवं फोटो बना लिए। जब पीड़िता ने आरोपी आदित्य सिंह तोमर से इस संबंध में विरोध किया तो आरोपी ने उसे विश्वास दिलाया कि वह उससे शीघ्र विवाह करेगा। इसके बाद आरोपी आदित्य सिंह तोमर ने चोरी-छिपे बनाए गए वीडियो एवं फोटो दिखाकर पीड़िता को ब्लैकमेल करना प्रारंभ कर दिया।

**एस्ट्रोलॉजर ने दिखाया भय, बदनामी से बचने के लिए दिये लाखों रुपये :**

पूरे मामले में जहां युवती को आरोपियों द्वारा फोटो, वीडियो के नाम डराते धमकाते हुए पैसे ऐंठे गए, तो वहीं तांत्रिक महिला एवं उसके पति द्वारा पैसे ऐंठने के लिए उसे जबरजस्त भयभीत करते हुए लाखों रूपये लिये गये। पुलिस के अनुसार युवती ने आरोपी आदित्य तोमर को भय एवं बदनामी के से बचने के लिए लगभग 2 लाख रुपये नगद दे दिए। जब आरोपी आदित्य सिंह तोमर द्वारा लगातार ब्लैकमेल किया जाने लगा तब पीड़िता ने अपनी पूर्व परिचित आयुषी चौहान से सहायता मांगी। आयुषी स्वयं को एस्ट्रोलॉजर बताती थी तथा लोगों को भविष्य बताने एवं ग्रह-नक्षत्रों के नाम पर प्रभावित करती थी। पीड़िता द्वारा पूरी घटना बताने पर आयुषी चौहान ने स्वयं को विशेष जानकारी रखने वाली एस्ट्रोलॉजर बताते हुए कहा कि उसे भविष्य की घटनाओं का पूर्वाभास हो जाता है। उसने पीड़िता को यह कहकर अत्यधिक भयभीत किया कि उसके जीवन में गंभीर घटनाएं घटित होने वाली हैं तथा वह और उसका साथी आकाश चौहान उसकी सहायता कर सकते हैं। आयुषी ने पीड़िता को विश्वास दिलाया कि वह कुछ पुलिस अधिकारियों को जानती है तथा उनके माध्यम से आरोपी आदित्य के मोबाइल से फोटो एवं वीडियो डिलीट करवा सकती है। इसके बदले में उसने 1 लाख 50 हजार रुपये की मांग की। पीड़िता ने भय एवं विश्वास के चलते दिसंबर 2024 में उक्त राशि आयुषी एवं आकाश चौहान को दे दी। इसके उससे पहले पहले दस लाख रूपये और फिर 60 लाख रूपये लिये गये, युवती को जब सबकुछ लूट चुका था, तब युवती को समझ में आया कि यह सारे लोग मिलकर ब्लैकमेल कर रहे है, इसके बाद उसने अपने साथ घटित पूरी घटना परिजनों एवं परिचितों को बताई, जिसके बाद वह पुलिस अधीक्षक से मिली।

**ठगी के पैसे से आरोपी जी रहे थे लग्जरी जीवनशैली :**

पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि आरोपी ठगी की रकम से लग्जरी जीवनशैली जी रहे थे। आरोपियों को महंगी गाड़ियों में घूमने, महंगे ब्रांडेड कपडे, ऐशो-आराम एवं दिखावटी जीवनशैली का शौक था। साथ ही आयुषी चौहान जो स्वयं को एस्ट्रोलॉजर बताकर लोगों में प्रभाव बनाती थी तथा ठगी से अर्जित राशि का कुछ हिस्सा दान आदि में खर्च करती थी, ताकि उस पर किसी को संदेह न हो। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक मसीह खान, सहायक उप निरीक्षक विनोद तिवारी, प्रधान आरक्षक नवल किशोर शर्मा, आरक्षक रविन्द्र, हरिमोहन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बाइक पर रखा महिला पर्स गायब

**अशोकनगर।** चंदेरी थाना अंतर्गत विक्रमपुर नावनी चौराहे से एक व्यक्ति के बाईक पर रखा उसकी पत्नि का पर्स चोरी हो गया। जिसकी शिकायत उक्त व्यक्ति द्वारा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल्ला पुत्र देवीसिंह यादव निवासी म्यूजियम के पास ने बताया जब वह अपनी पत्नि के साथ नावनी तिराह पर खड़ा था, इसी दौरान उसकी पत्नि का पर्स गायब हो गया, जिसमें सोने का मंगलसूत्र रखा था, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रूपये है।

### गोल्ड का झांसा देकर लाखों की ठगी

**अशोकनगर।** मुंगावली थाना अंतर्गत ग्राम हुरेरी निवासी एक 27 वर्षीय युवक से ऑनलाइन एप के माध्यम से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत उसके द्वारा पुलिस थाने में की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनिकेत पुत्र देवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उससे ऑनलाइन एप से पैसे व गोल्ड का झांसा दिया, जिसके बदले में उससे एक लाख 81 हजार रूपये ले लिये गये है।




# 14 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** रोटरी क्लब द्वारा श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय लटेरी के सहयोग से रविवार को रोटरी भवन में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मरीजो ने पहुंचकर अपनी आंखो की जांच कराई। तो वहीं इन मरीजों में से एक दर्जन से अधिक मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किये गये।

प्रतिमाह के दूसरे रविवार को आयोजित होने वाले शिविर में नेत्र चिकित्सालय डॉ.अंकुर पाल एवं नेत्र सहायक शिव गनेश ने 71 मरीजो की जांच की गई एवं 14 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब द्वारा प्रतिमाह दूसरे रविवार को यह शिविर विगत कई वर्षो से अनवरत आयोजित किया जा रहा है। जिसमे जिला सहित अन्य जिलों के मरीज उपचार कराकर लाभ ले रहे है। इस मौके पर सुभाष जैन कैंची, माधव सिंह रघुवंशी सहित अन्य ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।




# पार्श्व जैन मिलन ने गौसेवा के लिए शहर में रखी पानी की टंकी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर की सामाजिक सेवा कार्य करने वाली संस्था पार्श्व जैन मिलन द्वारा भारतीय जैन मिलन स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मई माह भर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिन स्थाई पेयजल प्याऊ ,गौ जल टंकियां एवं पक्षी जल हेतु सकोरे वितरण किए। जिसके चलते शहर के मुख्य 16 स्थानों पर गायों को पानी पीने के लिए सीमेंट की टंकियां रखी गई है। जिनमें पानी भरने वालों का पार्श्व जैन मिलन के पदाधिकारियों ने सम्मान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय शाखा संयोजक सुयोग जैन, कोषाध्यक्ष विनोद पडौरा,सौरभ जैन पूर्व मंत्री, पूर्व अध्यक्ष जीतू जैन एवं नीरज जैन, राहुल जैन, रानू टायर वाले सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**कार्यवाही** | **57 अवैध कब्जों को किया गया जमींदोज**

# डिपो कॉलोनी के जर्जर भवनों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई रोड स्थित डिपो कॉलोनी में रविवार को प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। राजस्व रिकॉर्ड में डिपो कॉलोनी के नाम से दर्ज इस बेशकीमती भूमि पर स्थित 57 जर्जर शासकीय क्वार्टरों को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया। इन आवासों में लंबे समय से लोग अवैध रूप से निवास कर रहे थे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। एसडीएम मुंगावली इसरार खान के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान चंदेरी



अनुभाग के समस्त थानों का बल, मुंगावली अनुभाग का बल, पुलिस थाना देहात, थाना कचनार और पुलिस लाइन से लगभग 150 जवानों का बल तैनात रहा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आधा दर्जन थानों की पुलिस मुस्तैद रही। वहीं डीपो कॉलोनी में बने क्वार्टरों को शासन प्रशासन द्वारा खाली कराए जाने के बाद परिवार जन अपने घरों के सामान के साथ अपने परिवार जनों एवं छोटे छोटे बच्चों के साथ शाम को खाना खाते नजर आए जिसमें यह दृश्य मार्मिक दिखाई दिया, घर से बेघर होने के बाद परिवार कैसे अब अपने घर का सामान ओर बच्चों की सुरक्षा करेंगे।

**मशीनों से ढहाए गए निर्माण :**

दोपहर करीब 1: 00 बजे एक एलएनटी और दो जेसीबी मशीनों के साथ अमला मौके पर पहुंचा। देखते ही देखते जर्जर ढांचों को मलबे में तब्दील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद सीएमओ विनय कुमार भट्ट, नायाब तहसीलदार अनीश धाकड़ और राजस्व विभाग सहित नगर परिषद के कर्मचारी सहित व पुलिस अमला मौजूद रहा।

**कन्या शाला और कार्यालय का होगा निर्माण :**

एसडीएम इसरार खान ने बताया कि यह भूमि कस्बारेंज में स्थित है और राजस्व रिकॉर्ड में महत्वपूर्ण है। खाली कराई गई इस भूमि पर आगामी समय में शासकीय कन्या शाला और नगर परिषद जैसे कार्यालय का निर्माण किया जा सकता है करीब 4 हेक्टेयर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है वहीं डिपो के लोगों द्वारा जो अन्य अतिक्रमण की शिकायत की गई है जिसको लेकर टीम गठित की गई है जांच में अगर अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे पर भी कार्यवाही की जाएगी।

# बिना चातुर्मास के हुआ मौजी बंधन कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** पहली बार चातुर्मास को छोड़ कर मुंगावली में परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में मोजी वंधन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हर्ष उल्लास के साथ सैकड़ों बच्चो को राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के साथ संघ में विराजमान अठारह संतो ने विभिन्न मंत्रो को सभी के सिर पर एक साथ स्थापित कर संस्कारो का शंखनाद किया। इसके पहले समारोह का भव्य शुभारंभ दोपहर में आचार्यश्री की संगीत के साथ पूजन से हुई, इसके बाद पूर्व दिशा के साथ उत्तर पश्चिम दक्षिण दिशाओं विराजमान जितने भी केवली भगवान पंच परमेष्ठि भगवान सहित सिद्ध क्षेत्र अतिशय क्षेत्र को साक्षी मान कर वंदना करते हुए सभी की अमृत



स्नान करते शुद्धि की क्रिया की गई। इसके बाद नवतिलक की क्रिया की गई वहीं सभी मोजी वंधन करने वाले को रक्षा मंत्रों से वेष्टित करते हुए आठों दिशाओं का वंदन किया गया, तद उपरांत मुख्यपात्रो राहुल अरविंद कुमार बजाज, दर्शन जैन, सुरेश कुमार ललितपुर, अलका जैन जबलपुर परिवार प्रभादेवी गदियाना परिवार कोषाध्यक्ष परिवार राहुल जैन मुंगावली को मुख्य यजमान के रूप में सर्वप्रथम परमपूज्य राष्ट्रसंत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के कर कमलों से सबसे पहले संस्कार कराने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस दौरान पंच नमस्कार मंत्र के साथ ही चतारी दंडक क के साथ ही सम्यक दर्शन के आठों अंग की स्थिति किया। वहीं सम्य दर्शन सम्यक ज्ञान सम्यक चारित्र के संस्कार स्थपित किये सत्वतत्व , सम्राज्य पद ग्रहण करया, वात्सल्य एवं प्रभवना परम निर्माण आदि क्रियाएं कराई गई।